भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3628

दिनांक 10.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में हर घर जल योजना

3628. डॉ. राजश्री मल्लिक:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हर घर जल योजना के तहत अब तक राज्य-वार, विशेष रूप से ओडिशा के जगतसिंहपुर सहित जिले-वार कितने परिवारों को शामिल किया गया है;

(ख) उक्त योजना के तहत अब तक कितना प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है और कितना प्रतिशत कार्य पूरा किया जाना शेष है;

(ग) क्या उक्त योजना अभी तक देश के विभिन्न राज्यों के पहाड़ी गांवों तक नहीं पहुंच पाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): भारत सरकार, पर्वतीय क्षेत्रों और ओडिशा के जिलों के ग्रामीण परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सक्षम बनाने के लिए अगस्त 2019 से, राज्यों के साथ भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय 3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 07.08.2023 तक, विभिन्न राज्यों के पर्वतीय गाँवों सहित लगभग 9.52 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 07.08.2023 की स्थिति के अनुसार, देश के 19.41 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 12.75 करोड़ (65.69%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति प्राप्त होने और 6.66 करोड़ (34.31%) शेष रहने की सूचना है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ओडिशा के सभी जिलों, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ जगतसिंहपुर के ग्रामीण परिवार शामिल हैं, सहित ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और गांव-वार स्थिति पब्लिक डोमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड पर निम्न लिंक पर उपलब्ध है

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

*****

अनुबंध

दिनांक 10.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3628 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

(07.08.2023 की स्थिति के अनुसार)

(संख्या लाख में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आज की तारीख तक कुल ग्रामीण एचएच	नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण एचएच	
			संख्या	%
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.62	0.62	100.00
2.	आंध्र प्रदेश	95.55	67.00	70.12
3.	अरुणाचल प्रदेश	2.30	2.00	86.81
4.	असम	68.32	36.30	53.13
5.	बिहार	166.30	160.30	96.39
6.	छत्तीसगढ़	50.12	27.81	55.48
7.	दादरा एवं नगर हवेली और दमण व दीव	0.85	0.85	100.00
8.	गोवा	2.63	2.63	100.00
9.	गुजरात	91.18	91.18	100.00
10.	हरियाणा	30.41	30.41	100.00
11.	हिमाचल प्रदेश	17.09	17.09	100.00
12.	जम्मू एवं कश्मीर	18.66	12.61	67.57
13.	झारखंड	61.34	24.34	39.68
14.	कर्नाटक	101.17	69.73	68.93
15.	केरल	70.84	35.51	50.14
16.	लद्दाख	0.42	0.34	80.47
17.	लक्षद्वीप	0.13	0.00	1.20
18.	मध्य प्रदेश	119.63	62.38	52.15
19.	महाराष्ट्र	146.73	114.42	77.98
20.	मणिपुर	4.52	3.47	76.76
21.	मेघालय	6.52	3.62	55.60
22.	मिजोरम	1.33	1.21	91.25
23.	नागालैंड	3.69	2.80	75.84
24.	ओडिशा	88.61	55.72	62.88
25.	पुदुचेरी	1.15	1.15	100.00
26.	पंजाब	34.26	34.26	100.00
27.	राजस्थान	106.71	44.94	42.12
28.	सिक्किम	1.32	1.14	86.60
29.	तमिलनाडु	125.53	89.60	71.37
30.	तेलंगाना	53.98	53.98	100.00
31.	त्रिपुरा	7.44	4.97	66.83
32.	उत्तर प्रदेश	262.46	146.86	55.95
33.	उत्तराखंड	14.95	11.86	79.34
34.	पश्चिम बंगाल	184.63	64.11	34.73
	कुल	**19,41.40**	**12,75.23**	**65.69**

दिल्ली और चंडीगढ़ में कोई ग्रामीण आबादी नहीं है। एचएच: परिवार स्रोत: जेजेएम - आईएमआईएस